हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025

तापमान

अधिकतम 29.1 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

12 पोषण व जीवन का आधार होते हैं खेजड़ी व मोरिंगा : कुलपति



12 गुजवि में तीन दिवसीय युवा महोत्सव 7 से होगा धमाल



## खबर संक्षेप

### नवीन की हत्या मामले में दो नाबालिग काबू

**हिसार।** सदर पुलिस ने गांव हिंदवान निवासी नवीन की हत्या मामले में दो नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक प्रदीप के अनुसार उक्त दोनों नाबालिग आरोपी 14 जून की सुबह हुई वारदात में शामिल थे। वारदात में नवीन की हत्या कर दी गई थी तथा उसके परिवारजनों पर भी जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं। अब तक इस मामले में कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 3.13 लाख की ठगी

**हांसी।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक युवक से 3.13 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। हांसी निवासी निखिल ने बताया कि उसे 15 से 19 अप्रैल 2025 के बीच ऑनलाइन ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का लालच दिया गया। इस दौरान आरोपी ने उससे विभिन्न खातों में कुल 3 लाख 13 हजार रुपये ट्रांसफर करवाए। निखिल को कुछ समय बाद जब उसे मुनाफा नहीं मिला और आरोपी से भी उसका संपर्क टूट गया, तब उसे ठगी का एहसास हुआ।

### सूर्य नगर ओवरब्रिज पर आवागमन फिर शुरू

**हिसार।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की तरफ से सेक्टर 5 के सीवरेज सिस्टम का मेन लाइन में कनेक्शन जोड़ने के साथ ही बुधवार को सूर्यनगर ओवरब्रिज पर आवागमन फिर से शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को सीवरेज लाइन जोड़ने के लिए सूर्य नगर रेलवे ओवरब्रिज पर आवागमन बंद कर दिया था। अधिकारियों ने अगले 3 दिन तक इस कार्य के चलते आरओबी को बंद रहने की बात कही थी, लेकिन कार्य समय से पूरा होने पर आवागमन शुरू कर दिया गया।

### टीटीसी ने स्वच्छता जन-जागरूकता रैली निकाली

**हिसार।** भारत सरकार के विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत बुधवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्वच्छता जन-जागरूकता रैली का आयोजन उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) द्वारा किया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के महत्व, स्वच्छ परिवेश से होने वाले लाभ तथा व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया।

### एसडीएम कार्यालय पर धरना तीसरे दिन भी जारी

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी का एसडीएम कार्यालय पर धरना बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता कमला व मंजीत खरड़ ने संयुक्त रूप से की। तहसील प्रधान रमेश मिरकां व सचिव अभय राम फौजी ने बताया कि किसानों और मजदूरों के मांग व मुद्दों को लेकर सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के रवैये को देखते हुए किसान सभा ने धरना को जारी रखने का निर्णय लिया है।

### प्रदूषण मुक्त खेती समय की जरूरत : सीजेएम

**हिसार।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ हवा बनाए रखने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हार्वेस्टिंग हार्मोनी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों को प्रदूषण मुक्त खेती, फसल अवशेष प्रबंधन तथा पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सीजेएम अशोक कुमार ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रदूषण रहित खेती अपनाना आज के समय की जरूरत है।

## उकलाना : रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक में अंतर, गड़बड़ियां मिलीं

# खाद विक्रेता की दुकान पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

**कृषि विभाग दुकानदार को भेजेगा कारण बताओ नोटिस**



उकलाना। जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) टीम ने नई अनाज मंडी स्थित एक खाद विक्रेता की दुकान पर छापा मारा। जांच के दौरान टीम को रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक में अंतर सहित कई अनियमितताएं मिलीं। टीम ने मौके पर ही कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में विस्तृत जांच की और अब संबंधित दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। छापे का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ कृषि विकास अधिकारी डॉ. सचिन अहलावत, एएसआई सुरेंद्र मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि उकलाना की नई अनाज मंडी में स्थित खाद विक्रेता अभिषेक द्वारा किसानों को खाद वितरण में गड़बड़ियां की जा रही हैं। सूचना के आधार पर जब टीम ने दुकान पर रेड की तो कई गंभीर खामियां सामने आईं।

### मंडी में मचा हड़कंप

उकलाना मंडी में सीएम फ्लाइंग टीम के छापे की खबर फैली, अन्य खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी दुकानें छोड़कर इधर-उधर चले गए। टीम ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि सभी खाद विक्रेता सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। हर दुकान पर खाद के स्टॉक और रेट का डिस्प्ले बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए। किसान को खाद देते समय पीओएस मशीन में सही एंट्री होनी चाहिए। अगर किसी भी दुकान से ब्लैक मार्केटिंग या गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार का प्रयास है कि किसानों को समय पर खाद मिले और किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### कई किसानों के नाम पर दिखाई एंट्री

जांच के दौरान टीम को एक किसान विनोद निवासी गांव प्रभुवाला की शिकायत भी प्राप्त हुई। किसान ने बताया कि उसने उकलाना की पुरानी अनाज मंडी में महेश और जतिन नामक व्यक्तियों के माध्यम से 2 बैग डीएपी खाद मंगवाए थे। इस दौरान दोनों ने ओटीपी मांगा और बाद में किसान के आधार कार्ड से 15 बैग डीएपी खाद की एंट्री दर्ज हो गई। टीम ने जब रिकॉर्ड खंगाला तो पाया कि कई किसानों के नाम पर 10 से 15 बैग डीएपी खाद तक की एंट्री की गई है। यह भी जांच का विषय है कि इतने अधिक बैग एक ही व्यक्ति के नाम पर कैसे दर्ज हुए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच में कई गड़बड़ियां उजागर हुई हैं, जिन पर कृषि विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार अगली कार्रवाई की जाएगी।

### यह मिली खामियां

जांच में पाया गया कि दुकान के रिकॉर्ड में डीएपी खाद के 13 बैग दर्ज थे, लेकिन मौके पर केवल 11 बैग ही मिले। इसके अलावा यूरिया खाद का गोदाम उस स्थान पर बनाया गया था जिसका लाइसेंस में कोई उल्लेख नहीं था। दुकानदार 500 बैग डीएपी खाद खरीदने के ऑथोरिटी लेटर का भी सबूत पेश नहीं कर सका। टीम ने यह भी पाया कि दुकान पर खाद के दामों व स्टॉक का डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाया गया था और डीएपी खाद के बैग अलग-अलग स्थानों पर अव्यवस्थित रूप से रखे गए थे।

# रामायण गांव में तालाब में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

■ तालाब किनारे खेलते हुए फिसला पैर, छाया मातम



ध्रुव की फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

निकटवर्ती गांव रामायण में बुधवार दोपहर तालाब में डूबने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। दोपहर बाद बच्चे का शव दोपहर करीब 3 बजे गांव के गंदे पानी की निकासी के लिए बने तालाब के नाले में मिला।

परिजनों से प्राप्त जानकारी अनुसार के अनुसार रामायण निवासी पुनीत का तीन वर्षीय बेटा ध्रुव सुबह करीब दस बजे घर से बाहर निकला था लेकिन घर में छोटे भाई के घर बेटा होने की खुशी में जलवा पूजन की तैयारियों की व्यस्तता के चलते किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और जब काफी देर तक जब ध्रुव दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश आरंभ की गई। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए तो उनमें वह तालाब की ओर जाता दिखाई दिया। दोपहर बाद उसका शव तालाब मिलने की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे इलाके में शोक का माहौल छा गया।

### अकेले ही खेलने निकला था बच्चा

सरपंच अनिल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला है कि ध्रुव अकेले ही खेलने के लिए घर से बाहर निकला था। वह तालाब के पास पहुंच गया और दुर्घटनावश फिसलकर तालाब में गिर गया। परिजनों ने बच्चे का पोस्टमॉर्टम न करवाने का निर्णय लिया। एसडीएम राजेश खोथ से अनुमति प्राप्त कर बिना पोस्टमॉर्टम के ही अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी गईं।

### पीरावली में हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** नशा निरोधक पुलिस टीम ने पीरावाली गांव से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 7.42 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया है। पुलिस टीम गश्त के दौरान मौजूद थी, इसी दौरान सूचना मिली कि गांव पीरावली में दो व्यक्ति नशीला पदार्थ लिए हैं। सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया गया, जबकि दूसरा मौके से भाग गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पीरावाली निवासी राहुल बताया और भागने वाले का नाम लवप्रीत उर्फ लवली बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पॉलिथीन थैली में 7.42 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन कब्जे में लेकर राहुल व लवप्रीत के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज कर लिया है।

# अवैध हथियार सहित बदमाश गिरफ्तार

■ आरोपी से दो मैग्जीन और 14 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस की एबीवीटी पुलिस टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध 32 बोर देशी पिस्टल, दो मैग्जीन और 14 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम गश्त के दौरान लितानी मोड़ के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति सुरेवाला चौक से हिसार की तरफ जाने वाली सड़क पर खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने तुरंत छापा मारकर संदिग्ध युवक को मौके से काबू कर लिया। पूछताछ में उसका नाम मोनू निवासी वार्ड नंबर 13 टोहाना पाया गया। तलाशी लेने पर मोनू की जेब से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ जिसे चैक करने पर वह लोडेड मिला। इसकी मैग्जीन से 7 कारतूस और मैग्जीन मिली जिसे खाली करने पर उसमें से भी 7 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने अवैध पिस्तोल, दो मैग्जीन, 14 कारतूस और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर मोनू के खिलाफ उकलाना में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# ऑनलाइन जॉब के नाम पर 2.40 लाख की साइबर ठगी, तीन दबोचे

**पुलिस ने आरोपितों को पकड़ा, एक आरोपी दो दिन के रिमांड पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

साइबर थाना पुलिस टीम ने ऑनलाइन जॉब देने के नाम पर 2.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से एक को दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया जबकि दो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस मामले में शिकायतकर्ता ने एनसीसीआरपी पोर्टल पर 15 सितंबर को शिकायत दर्ज करवाई कि उनके साथ पार्ट-टाइम जॉब का झांसा देकर इंस्टाग्राम व वॉट्सऐप के माध्यम से 2.40 लाख की साइबर ठगी की गई। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने ऑनलाइन असाइनमेंट और प्रोडक्ट रिचार्ज के नाम पर पहले विश्वास जीतने के लिए छोटे ट्रांजेक्शन पर लाभ दिखाया और बाद में धीरे-धीरे बड़ी राशि ठग ली। शिकायतकर्ता द्वारा बार-बार पैसे जमा करवाने के बावजूद कोई भुगतान नहीं किया गया और वेबसाइट पर 'ट्रांजेक्शन फेल्ड' दिखाने लगा।

### दो को न्यायिक हिरासत में भेजा

जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी फाजिल्का जिला के खैरपुर निवासी शयोचंद ने अपना बैंक खाता इसी जिले के खोखा गांव निवासी जसवंत को दिया था। जसवंत ने उक्त खाता आगे गंगानगर जिले के सादुलशहर निवासी मनोज वर्मा को बेच दिया था। साइबर थाना पुलिस ने जांच करते हुए तीनों आरोपियों जसवंत, शयोचंद और मनोज वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मनोज वर्मा से पूछताछ के दौरान महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं तथा उसे आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। बाकी दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आभूषण चोरी के मामले में दो युवक गिरफ़्तार

■ लगभग पांच लाख रुपये कीमत के चोरीशुदा आभूषण बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। चोरी के आरोप में पकड़े गए दोनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

आजाद नगर पुलिस ने गीता कॉलोनी स्थित मकान से सोने चांदी के आभूषण चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें हिसार के राजीव नगर निवासी जोगिंदर उर्फ जोनी और महेंद्रा कॉलोनी आजाद नगर निवासी टिंकू उर्फ काकू शामिल है।

थाना प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह ने बताया कि इस संबंध में गीता कॉलोनी निवासी आशुतोष ने उसके घर से सोने चांदी के आभूषण चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 10 अक्टूबर की रात में वह फिल्म देखने गया था। जब वह अगली सुबह 11 अक्टूबर को 3 बजे वापस आया तो उसे घर का ताला टूटा हुआ मिला और घर से सोने चांदी के आभूषण चोरी हुए मिले, जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लगभग पांच लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण बरामद किए है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपियों पर चोरी के अनेक केस दर्ज है जो अदालत में विचाराधीन है। आरोपी जोगिंदर उर्फ जोनी से आगामी पूछताछ जारी है और उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी टिंकू उर्फ काकू को पूछताछ उपरांत अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# योगी सूरी के जन्मोत्सव पर किया रक्तदान

■ डीएवी पब्लिक स्कूल में किया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। डीएवी पब्लिक स्कूल में रक्तदान करते रक्तदाताओं के साथ मुख्य अतिथि नरेंद्र पाल मिगलानी व सुनीता बहल।

कैमरी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में युवा आर्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिसारवासियों के अतिरिक्त डीएवी परिवार के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का आगाज़ विद्यालय परिसर में यज्ञ द्वारा हुआ। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से विद्यालय का वातावरण शुद्ध, पवित्र एवं भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वाइस चेयरमैन नरेंद्र पाल मिगलानी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में सहायक क्षेत्रीय निदेशक सुनीता बहल उपस्थित रहे। इस अवसर पर रक्तदान क्षेत्र में जाने माने प्रमुख वह दायित्व फाउंडेशन के संस्थापक निहाल सिंह सैनी, महेंद्र सिंह एवं सावन कृपाल रूहानी मिशन, हांसी के प्रधान शिव चरण सैनी रक्त वीरों के साथ पहुंचे। इसके अतिरिक्त सुनील दत्त कुल्हड़िया के साथ मंगाली एवं कैमरी गांव से अनेक रक्तदाता पहुंचे।

### वाहे गुरू नाम जप के साथ निकाली प्रभात फेरी

**उकलाना।** गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिदिन प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। साध संगत सुबह-सवेरे श्री सिंह साहिब गुरुद्वारा से "वाहे गुरू, वाहे गुरू" का नाम जपते हुए नगर में कीर्तन करते हुए आगे बढ़ती है। श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी के प्रधान स. जगजीत सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी की जयंती 5 नवंबर को मनाई जाएगी।

### निजी बसों को 50 करोड़ दिए जाने पर विरोध

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की हाउस की बैठक हिसार स्थित राज्य मुख्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान जगदीप लाठर ने की जबकि राज्य महासचिव चमन स्वामी ने संचालन किया। राज्य सरंक्षक दलबीर किरमारा ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक में कोरोना काल में बिना चले किलोमीटर स्कीम की बसों का करीब 50 करोड़ रुपये की भुगतान राशि जारी करने का कड़े शब्दों में विरोध किया गया। बैठक में संगठन नेताओं ने बताया कि राज्य महासचिव चमन स्वामी को जरूरी कार्य से कुछ महीनों के लिए ऑस्ट्रेलिया जाना है, इसलिए कार्य संचालन के लिए पद पर कार्यकारी महासचिव की नियुक्ति की जाए। बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से राज्य कार्यकारी महासचिव की जिम्मेदारी संदीप रंगा को दी गई। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप पाबड़ा, राज्य उप महासचिव दीपक हुड्डा, राज्य कैशियर संदीप सिंघवा, सज्जन सिंह, सोनू हुड़ा, जोगिंदर पंघाल, सलीम सरसोद, आत्माराम, विजय नागपुर, हवासिंह, हनुमान जांगड़ा, सतबीर कड़वासरा, दर्शन जांगड़ा, आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# पुलिस अधीक्षक ने किया नाकों का औचक निरीक्षण

**पुलिस कर्मियों का हाजिरी रजिस्टर जांचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों का हाजिरी रजिस्टर चैक करते एसपी अमित यशवर्धन। फोटो :हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बुधवार को बास थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत की तथा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नाके पुलिस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनके माध्यम से न केवल अपराधों की रोकथाम होती है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता, संवेदनशीलता और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आने पर तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाए। उन्होंने वाहनों की चेकिंग के दौरान सभ्य व्यवहार बनाए रखने, आमजन से विनम्रता पूर्वक बातचीत करने तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

*पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति, वर्दी की स्थिति, हथियारों की देखभाल एवं नाके पर उपलब्ध प्रकाश व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर थाना प्रभारी बास सब-इंस्पेक्टर बलवान, सुरक्षा शाखा इंचार्ज एएसआई राजेश, नाका इंचार्ज व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।*

MEDI CITY
MULTISPECIALITY HOSPITAL & NEURO CARE CENTER
For Excellence in Trauma, I.C.U. & General Health Care
हरियाणा सरकार एवं आयुष्मान भारत, NABH, ESIC के अंतर्गत सभी सेवाएं उपलब्ध।
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
• ब्रेन हैमरेज, दिमाग की रसौली
• कमर व गर्दन की डिस्क के ऑप्रेशन की सुविधा
• सिर की चोट • डिलीवरी व MPT की सुविधा
• जहर पीड़ित मरीजों के उत्तम इलाज की सुविधा
• हड्डी की टूट व हर प्रकार के ऑप्रेशन की सुविधा
• Physiotherapy & Slimming Center
• EEG • MRI Whole Body • Neuro Navigation
• RFL • 3D Spiral CT Scan, Digital X-Ray
• Ambulance की सुविधा Ventilator सहित
Dr. R. Kumar
M.S. (AIIMS, New Delhi)
M.Ch. (PGIMER, Chandigarh)
Dr. Anita Kumari
M.S. (Gyn. & Obs.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा
24/7
नोट : अधरंग के मरीजों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए लक्षण शुरू होने के 4 घंटों के अन्दर हस्पताल पहुंचे। अधरंग का टीका 4 घंटे के अन्दर ही लगाया जाता है।
SECTOR 16-17, SOUTH BY PASS, HISAR Mob.: 94160-44519, 9812019350



# साउंड हीलिंग थेरेपी ध्वनि से संभव तन-मन का उपचार

बदलती जीवनशैली की वजह से आज के दौर में अधिकतर लोग मानसिक रूप से परेशान नजर आते हैं। इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इनसे राहत के लिए साउंड हीलिंग थेरेपी बहुत कारगर हो सकती है।

नेचुरोपैथी

बुशरा फातमा



बीते एक दशक में जितनी तेजी से हमारी लाइफस्टाइल में बदलाव आया है, उसने पूरी तरह हमारे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बदल दिया है। छोटी-छोटी बातों पर तनावग्रस्त हो जाना या डिप्रेशन में चले जाना, आम समस्या बनती जा रही है। भारत उन देशों की कतार में भी आगे होता जा रहा है, जहां डिप्रेशन के मरीजों की संख्या अधिक है। बढ़ता तनाव और उससे जुड़ी शारीरिक समस्याएं, लोगों को फिर से उन प्राचीन यौगिक क्रियाओं और प्राकृतिक चिकित्सा की तरफ मोड़ रहा है, जो एक समय में हमारे देश में बहुत प्रचलित हुआ करती थीं। साउंड हीलिंग थेरेपी एक ऐसी ही थेरेपी है, जिसे लेकर लोगों में में रुझान बढ़ रहा है, जो तनाव कम करने में कारगर साबित हो रहा है।

**कैसे काम करती है थेरेपी:** साउंड हीलिंग एक ऐसी थेरेपी है, जिसमें ध्वनि तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारे शरीर के सातों चक्रों पर काम करते हैं। इन सात चक्रों से संबंधित सात अलग-अलग बाउल का यूज किया जाता है, जिनके अलग नोट्स होते हैं और वो शरीर पर उसी नोट्स के हिसाब से काम करते हैं। ये बाउल मुख्यतः हाथों से बने होते हैं, जिनमें सात धातुओं का मिश्रण होता है, जिन्हें पूर्णिमा की रात में बनाया जाता है। इन बाउल में इतने वाइब्रेशन मौजूद होते हैं कि ये हमारे शरीर के चक्रों को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए जब अलग-अलग चक्र के बाउल्स हमारे आस-पास बजाए जाते हैं, तब उनसे जो वाइब्रेशंस निकलती हैं, वो हमारे चक्रों के ब्लॉक को तोड़ देती हैं। चूंकि शरीर में मौजूद चक्रों के असंतुलन से ही मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में साउंड हीलिंग थेरेपी हमारे चक्रों को बैलेंस करने का काम करता है।



साउंड हीलिंग उन लोगों के लिए बहुत लाभदायक है, जो किसी मानसिक समस्या से गुजर रहे हैं और अपने दैनिक जीवन में तनाव को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते हैं। चूंकि मन का स्वास्थ्य, तन के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है, इसलिए कई ऐसे लोग जो किसी गंभीर बीमारी से भी गुजर रहे हों तो साउंड हीलिंग उनके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**तनाव-चिंता से दिलाए राहत:** साउंड हीलिंग थेरेपी में अलग-अलग ध्वनि के वाइब्रेशन शरीर को अलग-अलग तरीके से ही प्रभावित करते हैं, जो हमारी चिंता और तनाव को काफी हद तक कम करने में मदद करते हैं। ये वाइब्रेशन, कोशिकाओं को शांत करती है, जिससे तनाव कम महसूस होने लगता है। कई बार जब आप ये थेरेपी लेंगे तो सर भारी महसूस होगा लेकिन कुछ सेशन लेने के बाद आप अपने तनाव को कम होता महसूस करेंगे।

**अच्छी नींद में मददगार:** जिन लोगों को कम नींद या नींद न आने की समस्या हो उनके लिए ये थेरेपी रामबाण की तरह काम करती है। शरीर में मौजूद चक्र जब धीरे-धीरे संतुलन में आने लगते हैं तो दिमाग शांत होने लगता है और उससे अच्छी नींद आती है।

**एकाग्रता बढ़ाने में सहायक:** बढ़ते काम का बोझ हो या स्टूडेंट्स की पढ़ाई का बढ़ता स्ट्रेस दिमाग को अशांत तो बनाता ही है। साथ ही ये एकाग्रता को भी कम करता है। साउंड हीलिंग थेरेपी एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती है और फोकस में वृद्धि करती है। रैटल शेकर इस थेरेपी में इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा अद्भुत यंत्र है, जिसे ऋषिकेश के जंगलों में पाए जाने वाले एक पेड़ के बीज से बनाया जाता है। हमारा दिमाग चार अलग-अलग वेव्स पर काम करता है अल्फा, बीटा, डेल्टा और गामा और जब हम किसी बात को लेकर ओवर थिंकिंग करते हैं तो वो दिमाग अल्फा, बीटा के स्टेट में चला जाता है। जब रैटल शेकर को मस्तिष्क पर रखा जाता है तो उससे निकलने वाली आवाज से शरीर प्रतिक्रियाएं देता है और दिमाग शांत होता चला जाता है।

**कोर्टिसोल हॉर्मोन पर नियंत्रण:** हमारे शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हॉर्मोन बहुत-सी बीमारियों को जन्म देती है और शरीर के जिस हिस्से में यह बढ़ता है, वहां म्यूकस पैदा होता है। डिप्रेशन के मरीजों में कोर्टिसोल हॉर्मोन की मात्रा बहुत बढ़ जाती है और साउंड हीलिंग थेरेपी में ये हॉर्मोन रिएक्ट करता है इसलिए रेगुलर सेशन के बाद मरीज खुद को काफी शांत और हल्का महसूस करता है।

**लाइफस्टाइल में बदलाव है जरूरी:** डिजिटल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल ने लोगों को बहुत इंपल्सिव और इंसिक्योर बना दिया है और लोग शांति और सुकून की तलाश में अपने पुराने दौर की जीवनशैली की तरफ दोबारा बढ़ रहे हैं। लेकिन अगर अपने लाइफस्टाइल में हेल्दी बदलाव लाया जाए तो मानसिक तनाव पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। अच्छे खान-पान की आदत, अच्छी नींद और हार्मोनल बैलेंस के लिए सुबह-सुबह घास पर नंगे पांव चलना न सिर्फ फिजिकली फिट रखने में मदद करता है बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ को भी ठीक करता है। पूरे दिन में एक घंटे की फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, योग या जॉगिंग भी मेंटल फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। *

**(होलिस्टिक हीलर शुभांगी चौहान से बातचीत पर आधारित)**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. विकास अग्रवाल
जनरल फिजीशियन, कोलकाता

अगर आप अकसर बिना किसी कारण के खुद को बेचैन महसूस करते हैं, घबराए हुए से रहते हैं और जरा भुलक्कड़ भी हो गए हैं। किसी कार्य में एकाग्रचित्त नहीं हो पाते हैं। अचानक आपका शारीरिक वजन घटने या बढ़ने लगा है। जरूरत से ज्यादा थकान महसूस होती रहती है तो सावधान हो जाएं ऐसा थाइरॉयड प्रॉब्लम की वजह से भी हो सकता है। इंडियन थाइरॉयड सोसाइटी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक भारत में 4.2 करोड़ से ज्यादा लोग थाइरॉयड के मरीज हैं, जिनमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं।

# कई अन्य समस्याओं की वजह बन सकती है थाइरॉयड प्रॉब्लम

अस्त-व्यस्त जीवनशैली समेत कुछ अन्य वजहों से इन दिनों अनेक लोग थाइरॉयड प्रॉब्लम से ग्रस्त रहने लगे हैं। हालांकि पुरुषों की तुलना में महिलाएं इससे अधिक ग्रस्त रहती हैं लेकिन पुरुषों में भी इसे काफी देखा जाने लगा है। ध्यान ना देने पर कई बार यह रोग गंभीर रूप भी ले लेता है। इसलिए यहां आपको इस रोग के कारणों, लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।





### क्या है थाइरॉयड प्रॉब्लम

हमारे गले में अखरोट के आकार की थाइरॉयड ग्लैंड होती है, जो दो तरह के हारमोन टी3 और टी4 बनाती है। यह शरीर की सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथियों में से एक है, जो कई शारीरिक क्रियाओं को कंट्रोल में रखती है। अच्छी नींद, स्वस्थ पाचन तंत्र, मेटाबॉलिज्म, लिवर फंक्शन, शरीर के तापमान को नियमित रखना और उसका विकास आदि। इस तरह आप थाइरॉयड ग्रंथि को शरीर का सेंट्रल कंट्रोलर मान सकते हैं। यह समस्या दो प्रकार की हो सकती है- हाइपोथाइरॉयडिज्म और हाइपरथाइरॉयडिज्म। हाइपो में वजन बढ़ने लगता है और भूख कम लगती है। हाथ पांव में सूजन आ जाती है। सुस्ती और ठंड लगने से व्यक्ति परेशान रहता है। महिलाओं में मासिकधर्म में गड़बड़ी और याददाश्त में कमी हो जाती है। आयोडीन की कमी के अलावा खान-पान पर ध्यान नहीं देना और जरूरत से ज्यादा तनावयुक्त जीवन थाइरॉयड समस्या को बढ़ावा देता है।

हाइपरथाइरॉयडिज्म समस्या में मरीज का वजन कम हो जाता है और बार-बार भूख लगती है। हमेशा टेंशन महसूस होना, ध्यान केंद्रित ना कर पाना, तेज या धीमी धड़कन और ब्लड प्रेशर की समस्या, वजन का तेजी से गिरना या बढ़ना, गले में सूजन, ज्यादा पसीना आना, मासिकधर्म की परेशानी, नींद में कमी, थकान को मिटाने के लिए बार-बार कुछ खाने की इच्छा, गैस्ट्रिक अल्सर, बार-बार यूरिन आना इसके लक्षणों में शामिल हैं। हाइपर थाइरॉयडिज्म की तुलना में हाइपोथाइरॉयडिज्म में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। ऐसा तब होता है, जब शरीर के कुछ सेल्स थाइरॉयड ग्लैंड की सेल्स को खत्म करना शुरू कर देते हैं। इसीलिए इसे ऑटो इम्यून बीमारी भी कह सकते हैं। पहले के दौर में यह समस्या काफी ज्यादा हुआ करती थी, लेकिन आजकल लोग इसके प्रति सचेत हो गए हैं।

### थाइरॉयड रोग के लक्षण

इसके लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि थायराइड ग्रंथि अधिक सक्रिय (हाइपरथाइरॉयडिज्म) है या कम सक्रिय (हाइपोथाइरॉयडिज्म) है। थाइरॉयड के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और धीरे-धीरे विकसित हो सकते हैं।



**कम सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** थकान और कमजोरी, वजन बढ़ना, ठंड लगना, त्वचा और बालों का रूखापन, बाल झड़ना, कब्ज, मांसपेशियों में दर्द या जकड़न, डिप्रेशन या मूड स्विंग्स, धीमी हृदय गति, अनियमित या हैवी ब्लीडिंग, याददाश्त कमजोर होना, चेहरा या आंखों के आस-पास सूजन इसके लक्षणों में शामिल हैं।

**अधिक सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** वजन कम होना (भूख बढ़ने के बावजूद), घबराहट, चिंता या बेचैनी महसूस होना, तेज हृदय गति या धड़कन, पसीना आना या गर्मी लगना, असहज लगना, नींद में परेशानी, बार-बार मल त्याग या दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी, हाथों में कंपन, महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, बालों का पतला होना, आंखों में उभार होना।

### थाइरॉयड प्रॉब्लम के साइड इफेक्ट्स

इससे हड्डियां भी कमजोर पड़ने लगती हैं। थाइरॉयड के मरीजों को ऑस्टियोपोरोसिस होने की आशंका हो सकती है। पैरों में दर्द और वाटर रिटेंशन की समस्या भी थाइरॉयड प्रॉब्लम से ही जुड़ी है।

थाइरॉयड ग्लैंड में असंतुलन होने की वजह से हारमोंस में असंतुलन होता है। इससे दिल की बीमारी से लेकर इनफर्टिलिटी तक भी हो सकती है। थाइरॉयड कैंसर भी इसी असंतुलन का ही नतीजा है। गले में दर्द, सूजन और हमेशा भारीपन महसूस होना इसकी वजह से हो सकता है। हाइपोथाइरॉयडिज्म, प्रेगनेंसी में काफी खतरनाक हो सकता है। यह गर्भ में पल रहे शिशु के विकास और उसके मस्तिष्क के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इसलिए महिलाएं जब भी प्रेगनेंसी प्लान करें, तो अपना थाइरॉयड टेस्ट जरूर कराएं।

थाइरॉयड हारमोंस से जुड़ी समस्या है, इसीलिए इसका सीधा असर सेक्स इच्छा और इनफर्टिलिटी पर पड़ता है। पुरुषों और महिलाओं में भी थाइरॉयड, सेक्स को प्रभावित करता है। अचानक आए मूड में बदलाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट करके थाइरॉयड टेस्ट कराएं और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से मिलें। थाइरॉयड की दवाएं लेने पर व्यक्ति नॉर्मल सेक्सुअल लाइफ जी सकता है। थाइरॉयड की समस्या ज्यादातर स्त्रियों में ही देखने को मिलती है। पुरुषों में थाइरॉयड की समस्या स्त्रियों की तुलना में कम देखने को मिलती है। इसके लक्षण दिखने पर डॉक्टर को जरूर बताएं। इससे जुड़ी सावधानियों और दवाओं के बारे में वे बताएंगे। जब तक थाइरॉयड नार्मल नहीं हो तब तक महिलाओं को प्रेगनेंसी प्लान करने से बचना चाहिए।

### टेस्ट-ट्रीटमेंट

थाइरॉयड प्रॉब्लम की जांच के लिए डॉक्टर की सलाह पर TSH, T3, T4 जैसे ब्लड टेस्ट करवाए जा सकते हैं। थाइरॉयड की समस्या का इलाज दवाओं, सही आहार और जीवनशैली में बदलाव से संभव है। थाइरॉयड के उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा फायदेमंद होती है। इससे मोटापा और थकान कंट्रोल में हो जाता है। थाइरॉयड की गोली ताउम्र खानी पड़ सकती है, पर कुछ केस में यह दवा छूट सकती है। दवा खाने और ना खाने का निर्णय आप डॉक्टर से कंसल्ट कर ही तय कर सकते हैं। *




**प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन**

प्रिकॉशन

राजकुमार 'दिनकर'

# नारियल पानी पीने से पहले...

हम अकसर हरे नारियल को कटवाकर उसमें सीधे स्ट्रॉ लगाकर उसका पानी पीते हैं। क्या आपको पता है कि नारियल पानी को इस तरह सीधे नारियल से पीना, हमारे लिए फंगल इंफेक्शन का भी कारण बन सकता है। हालिया हुए एक अध्ययन से खुलासा हुआ है कि नारियल पानी को सीधे नारियल से पीना हमारी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है। क्योंकि इन हरे नारियल को आमतौर पर किसी ठंडी जगह पर स्टोर नहीं किया जाता, उन्हें एक बार तोड़ने के बाद एक जगह से दूसरी जगह लाकर बेचा जाता है। इस प्रक्रिया में नारियल कभी ठंडे, तो कभी बेहद गर्म वातावरण में रहते हैं। नम वातावरण में भी लगातार महीनों ऐसे ही रहने के कारण इनमें खतरनाक बैक्टीरिया, कवक और विषाक्त पदार्थ भी पैदा हो सकते हैं।



**हो सकती हैं इस तरह की समस्याएं:** प्रदूषित नारियल पानी बासी होने के कारण बहुत किस्म के हानिकारक बैक्टीरिया का घर हो सकते हैं। जिस पानी को पीने से हमें पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसे पीने के बाद उल्टी, पेट दर्द और दस्त हो सकता है। दूषित नारियल पानी में नाइट्रोप्रोपियोनिक एसिड जैसे विषाक्त पदार्थ हमारे तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है, जिसमें चक्कर आना, मांसपेशियों में सिकुड़न होने के लक्षण दिखाई देते हैं। अगर नारियल के भीतर मौजूद पानी ज्यादा प्रदूषित हो तो सांस लेने में भी कठिनाई महसूस होती है। इससे सीने में जकड़न या फेफड़ों में तरल पदार्थ का जमाव हो सकता है। अगर ऐसे लक्षण दिखाई दें या असहज महसूस हो तो समझ जाएं कि नारियल पानी में कोई कमी है। तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**सावधानी बरतें:** नारियल पानी पीते समय कुछ सावधानी बरतें।

- नारियल सीधे न पिएं क्योंकि इसके बाहरी आवरण पर मौजूद दरारों से सूक्ष्मजीव नारियल में प्रवेश करते हैं।
- नारियल या नारियल पानी लाने के बाद उसको फ्रिज में रखें ताकि इसमें फफूंद और जीवाणु पनप न सकें।
- नारियल पानी पीते समय अगर आपको उसके स्वाद में खट्टापन, महक महसूस हो तो समझ जाएं कि यह भीतरी तौर से प्रदूषित है।
- कहीं भी खुले में नारियल खरीदने की बजाय सीलबंद पॉश्चराइज्ड नारियल पानी ही चुनें, जिनको सावधानीपूर्वक संरक्षित किया गया हो।
- अगर नारियल के खोल पर दरारें दिखती हैं तो ऐसे नारियल को न खरीदें। यह जरूरी नहीं कि रेफ्रिजरेटर में रखे नारियल भी पीने के लिहाज से सुरक्षित हों। इसलिए पीने से पहले हमेशा उसके स्वाद और गंध की जांच कर लें। *



सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है। आने वाली कड़ाके की सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। इसीलिए हम आपको कुछ सरल योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से आप सर्दी के मौसम में भी स्वस्थ रहेंगे।

# सर्दियों में आप रहेंगे स्वस्थ जब रोज करेंगे ये योगासन

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दियों में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। हल्की सर्दियां शुरू होते ही किस तरह हमारे शरीर और सेहत के लिए ये सीधे, सरल योगासन महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं, तो आइए सरल ढंग से जानें कि ये छह सीधे सरल योगासन कौन से हैं?

**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार हमारे योगशास्त्र का पहला और सबसे महत्वपूर्ण अध्याय है। सूर्य नमस्कार सही मायने में अकेला ही हमारे स्वास्थ्य का सबसे मजबूत रखवाला है। सूर्य नमस्कार, शरीर को भीतर से गर्म रखता है। हमारे रक्त संचार को तेज करता है, जिसकी इन दिनों हमें जरूरत होती है। साथ ही यह योगासन सर्दी के दिनों में शरीर की हर मांसपेशी को सक्रिय बनाता है, जिस कारण ठंड से होने वाले आलस्य और थकान से राहत मिलती है। इस तरह हर दिन सुबह खाली पेट अगर पांच से छह राउंड केवल सूर्य नमस्कार के कर लिए जाएं, तो सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए यह सबसे अच्छी गतिविधि है।



**वज्रासन:** इस मौसम में हमारी सेहत के लिए यह भी जरूरी आसनों में से एक है। भोजन के बाद वज्रासन की मुद्रा में बैठना शरीर के लिए सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक होता है। यह आसन करने से ठंड के मौसम में हमारा पाचन दुरुस्त रहता है, साथ ही इस आसन के करने से हमारा शरीर शांत और संतुलित रहता है। वास्तव में वज्रासन करने से शरीर का भारीपन, गैस और अपच जैसी परेशानियां दूर होती हैं। सर्दी के मौसम में नियमित रूप से वज्रासन करने से हमारी सेहत सही रहती है। *



**भुजंगासन:** सर्दी के मौसम में जो दूसरा आसन हमारे लिए बेहद उपयोगी है, उसका नाम है- भुजंगासन या कोबरा पोज। यह आसन हमारी रीढ़ और पीठ को लचीला बनाता है। इन दिनों में कई लोगों की छाती, अतिरिक्त रूप से जकड़न का शिकार रहती है, उसे यह आसन अच्छी तरह से खोलता है, जिससे ठंडी हवा से जकड़े हमारे फेफड़ों को राहत मिलती है और सर्दी जुकाम से हम बचे रहते हैं। हर दिन भुजंगासन करने से हम सर्दी के दिनों में सर्दी लगने से भी बचे रहते हैं। इसके चलते हमारा शरीर इन दिनों गर्म रहता है।

अवेयरनेस

रेखा

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि साल 2030 तक दुनिया में हर तीसरा व्यक्ति हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित होगा। इससे इस रोग की गंभीरता को समझ सकते हैं। ऐसे में जागरूक रहना बहुत जरूरी है। इस बारे में जानिए।

# बीपी प्रॉब्लम इसलिए हो रही है खतरनाक




कभी मध्यम आयु तक सीमित रहने वाला ब्लडप्रेशर की प्रॉब्लम आज हर उम्र के लोगों के लिए खतरे की घंटी बन चुका है और अपने 'साइलेंट किलर' के तौर पर पहचाना जाने लगा है।

**बीपी प्रॉब्लम बढ़ने के कारण:** काम-काजी दबाव, असंतुलित जीवनशैली, नींद की कमी, तनाव और जंक फूड की बढ़ती खपत ने बीपी को एक वैश्विक महामारी बना दिया है। दरअसल, बीपी इसलिए बेहद खतरनाक हो चुका है, क्योंकि इस डिजिटल युग ने काम को आसान किया है, पर मानसिक दबावों को कई गुना ज्यादा बढ़ा दिया है। लगातार स्क्रीन टाइम, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक असुरक्षा और अस्थिर नौकरी का माहौल, युवाओं में हाई बीपी का बड़ा कारण बन गया है। फास्ट फूड, पैक्ड स्नैक्स, नमक की अधिकता, चीनी और ट्रांसफैट्स का सेवन, ये सब चीजें रक्तचाप बढ़ने का प्रमुख कारण हैं। भारतीय भोजन में अत्यधिक नमक और तेल पहले से ही बहुत बड़ा जोखिम रहा है। इस पर भी शहरी जीवनशैली में करीब 60 प्रतिशत तक घटी शारीरिक गतिविधियां मसलन पैदल चलना, योग या व्यायाम में आई कमी, एक तरह से वीकेंड की गतिविधि बनकर रह गई हैं। इससे शरीर की मेटाबॉलिक गति घटती है, नतीजतन रक्तचाप बढ़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि आज हर भारतीय की नींद में औसतन डेढ़ से दो घंटे की कमी आ चुकी है, जिसका सबसे बड़ा कारण मोबाइल देखने की लत है। इन सब वजहों के चलते आज ब्लडप्रेशर अब तक के किसी भी समय के मुकाबले कहीं ज्यादा खतरनाक हो गया है।

**क्या कहते हैं आंकड़े:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) 2024 की एक रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 1.04 करोड़ लोगों की मौत रक्तचाप या उससे संबंधित परेशानियों के चलते होती है। इनमें से करीब 50 फीसदी मौतें स्ट्रोक और हार्ट अटैक के कारण होती हैं। जहां तक अपने देश में सीधे सीधे हाई ब्लड प्रेशर से मौतों का सवाल है तो 22 लाख लोग हर साल इसके कारण हमेशा हमेशा के लिए मौत के मुंह में समा जाते हैं। भारत में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 30 फीसदी पुरुष और 25 फीसदी महिलाएं बीपी का शिकार हैं।

**ना बरतें लापरवाही:** सवाल है, आखिर ब्लड प्रेशर के चलते मौतों में इतना अधिक इजाफा क्यों हो रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ब्लड प्रेशर के शुरुआती लक्षण पता नहीं चलते। इसलिए लोग उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। जब एक बार बीपी अनियंत्रित हो जाता है, तो हृदय, गुर्दे, मस्तिष्क और आंखों को नुकसान पहुंचाने में जरा भी देर नहीं लगाता। कुछ लोग ब्लड प्रेशर की दवा बीच में ही खाना छोड़ देते हैं, इसलिए उनमें किसी दिन अचानक बीपी बढ़ता है और हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हो जाती है। इसलिए अब हर उम्र के लोगों को हाई बीपी की समस्या को लेकर सजग रहने की जरूरत है। *



### हाई बीपी से बचाव के उपाय

- हर दिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलें या योग करें।
- नमक, चीनी और तले हुए भोजन को सीमित करें।
- नींद पूरी लें और मोबाइल से दूरी बनाकर रखें।
- हफ्ते में एक दिन डिजिटल डिटॉक्स को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।
- बीपी की नियमित जांच कराएं।
- गुस्सा और चिंता को मेडिटेशन से नियंत्रित रखें।

# ओएसजीयू छात्रों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), केंद्रीय सतर्कता आयोग और शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप मनाए जा रहे सतर्कता सप्ताह के दौरान, ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (ओएसजीयू) में 'सतर्कता और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई' पर एक प्रेरणादायक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से छात्रों में नैतिक मूल्यों और उच्च सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा भी प्रदान करते हैं।

### सतर्कता हर नागरिक की जिम्मेदारी : नीरज तनेजा

*कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता ओएसजीयू ज्यूडिशियरी के डिप्टी डायरेक्टर एडवोकेट नीरज तनेजा थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कता केवल सरकारी कर्मचारियों का कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विभिन्न ऐतिहासिक और कानूनी उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे छोटे स्तर की लापरवाही और भ्रष्टाचार देश की प्रगति को धीमा कर सकते हैं। एडवोकेट तनेजा ने कहा आप सभी युवा देश का भविष्य हैं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई किसी एक संस्था कि नहीं, बल्कि हम सब की है। अपने आस-पास किसी भी गलत कार्य को देखकर आवाज उठाना और ईमानदारी को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाना ही सच्ची सतर्कता है।*

### युवाओं को किया प्रेरित



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते ओएसजीयू ज्यूडिशियरी के डिप्टी डायरेक्टर एडवोकेट नीरज तनेजा।

### जागरूक रहें

इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक, प्रति कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर और रजिस्ट्रार डॉ. सत्यवीर सिंह ने भी विद्यार्थियों को सतर्क और जागरूक रहने का संदेश देते हुए उन्हें एक नैतिक एवं भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता जैन और डॉ. नीलम सिहाग ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लीगल स्टडीज से सचिन गोयल, कुश आहूजा एवं अन्य शिक्षकों में अहम भूमिका अदा की।

---

**एआई रोबोट से बच्चों के दांत जांचे**

# डॉ. सचिन मित्तल डेंटिस्ट्री टीम ने लगाया दंत जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने शान्ति नगर शिवाजी पार्क के पास स्थित किडस केयर प्ले स्कूल में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. मुदिता के बाहेती ने बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें टुथब्रश करने का तरीका समझाया। इस दौरान करीब 170 बच्चों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच एआई रोबोट द्वारा की गई। प्रिंसीपल अभिषेक कौशिक ने डेंटल चिकित्सा टीम के अभियान की सराहना की। इस अवसर पर दंत चिकित्सक ने जागरूक करते हुए टुथब्रशिंग का सही तरीका बताया और अपने दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए।



हिसार। दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स देती चिकित्सक।

---

## खबर संक्षेप

### अब चौधरीवास में भी खुलेगा मोक्ष वृद्धाश्रम

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम की नई शाखा के लिए चौधरीवास में 1 नवंबर को भूमि पूजन व हवन किया जाएगा। इस नए परिसर में दिगंबर जैन मंदिर का निर्माण भी किया जाएगा। चौधरीवास में पंचमुखी बालाजी धाम के नजदीक 1 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि इस अवसर पर नलवा के विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, प्रमुख समाजसेवी राजेंद्र गावडिया व विजय कौशिक, नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली व हरियाणा कर न्यायाधिकरण के न्यायिक सदस्य सचिन गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### पूर्व मंत्री दलबीर सिंह की पुण्यतिथि पर हवन आज

**हिसार।** पूर्व मंत्री चौ. दलबीर सिंह की पुण्यतिथि पर 30 अक्टूबर को सांसद कुमारी सैलजा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री के डाबड़ा चौक स्थित आवास पर हवन-यज्ञ किया जाएगा। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेशाध्यक्ष लाल बहादुर खोवाल एडवोकेट ने बताया कि प्रातःकाल हवन यज्ञ होगा जिसमें सांसद कुमारी सैलजा उपस्थित रहेंगी। चौ. दलबीर सिंह को हवन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। प्रदेश भर से अनेक कार्यकर्ता भी चौ. दलबीर सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचेंगे।

---

**सिसाय में उपमंडल स्तरीय किसान मेला आयोजित**

# भूमि की उर्वरा शक्ति के लिए पराली को न जलाएं : खोथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भूमि की उर्वरा शक्ति लगातार कमजोर हो रही है इससे बचाने के लिए फसलों में अधिक खाद एवं दवाइयां के उपयोग तथा फसल अवशेषों को जलाना बंद करना होगा, तभी हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भूमि एवं स्वच्छ जल उपलब्ध करवा पाएंगे।

यह बातें एसडीएम राजेश खोथ ने बुधवार को सिसाय गांव में आयोजित उपमंडल स्तरीय किसान मेला में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों के अवशेष जलाने की बजाए इसे अतिरिक्त आमदनी के साधन के रूप अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान फसल अवशेष ना जलाएं, अगर किसी भी संसाधन की आवश्यकता है तो वह उन्हें अविलंब उपलब्ध करवा दिया जाएंगे। किसानों ने छह बेलर मशीन उपलब्ध करवाने की मांग रखी। एसडीएम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को तुरंत मांग के अनुरूप मशीन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। किसानों ने डीएपी खाद की भी मांग रखी एसडीएम ने इस मांग को भी पूरी करते हुए शीघ्र गांव में 3000 बैग उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि किसानों की हर समस्या प्रशासन की समस्या है। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डीएपी तथा यूरिया खाद प्राप्त करने में किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। खाद की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों तथा अन्य लोगों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खाद की कालाबाजारी करने वाले व खाद तथा बीज के साथ जबरदस्ती दवाइयां बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



हांसी। मेले में किसानों की समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो :हरिभूमि

### आधुनिक यंत्रों की जानकारी दी

जागरूकता शिविर में कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजपाल सुरा, डॉ. कुलदीप, डॉ. गोपी राम व अन्य कई विशेषज्ञों ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा उन्नत कृषि के लिए उठाए जाने वाले कदमों तथा कृषि में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक यंत्रों की विस्तार से जानकारी दी। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, कृषि विभाग की एसडीओ डॉ. प्रीति, खंड कृषि अधिकारी डॉ. रुपेश, डॉ. रवि तथा कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों ने मोहा मन

- श्री काली देवी विद्या मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर चल रहे परंपरा के रंग बचपन के संग संस्कृति की छाया में मुस्कुराता बचपन थीम के अंतर्गत चल रही पांच दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के तीसरे दिन का आयोजन हर्ष और उमंग से परिपूर्ण वातावरण में किया गया। वरिष्ठतम पूर्व शिक्षिका शम्मा, जिन्होंने 25 वर्षों तक इस विद्यालय में अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। नर्सरी से द्वितीय तक के बाल प्रतिभागियों ने अपने अभिभावकों की उपस्थिति में विविध पात्रों का जीवंत चित्रण किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता से मंच को जीवंत कर दिया। माता-पिता की सहभागिता ने इस आयोजन में भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक सौहार्द का सुंदर समावेश किया। नर्सरी ए से पार्थ, हितेषी व यश प्रथम, मिशिका, तेजस्वी व वर्तिका द्वितीय एवम् ध्रुव, माइशा शर्मा व जोरावर जाखड़ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नर्सरी डी से प्रिशु अग्रवाल, एकांश व दित्य मल्होत्रा प्रथम, मुदित फोगाट, अनन्या व रूहान द्वितीय एवम् वेदांश, सानवी व तृषा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा यू के जी डी से जन्या, लावण्या व शिवाय गोयल प्रथम, हिमांक शर्मा, निकुंज व भार्गव सेठी द्वितीय एवम् बानी, काव्या व लिवांशी तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।



हांसी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपनी मां के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देती स्कूली छात्रा।

---

# डीएपी न मिलने से किसान हो रहे परेशान : दलबीर किरमारा

- केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से किसान सहित हर वर्ग की विरोधी साबित हुई
- दिवाली से पहले मुआवजा नहीं मिल पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने आरोप लगाया है कि अपने को जनता की हितैषी बताने वाली केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से किसान सहित हर वर्ग की विरोधी साबित हुई है। किसानों को आगामी फसल बिजाई के लिए सुबह मुंह अंधेरे लंबी लंबी लाइनों में खड़ा होना तो भाजपा सरकार में आम बात हो गई है लेकिन अब तो उससे भी दो कदम आगे बढ़ते हुए डीएपी लेने के लिए किसानों के हाथों पर मुहर लगाकर भाजपा सरकार अपराधियों जैसा सलूक कर रही है, जो निंदनीय है। दलबीर किरमारा ने कहा केन्द्र व प्रदेश में पिछले 11 वर्ष से अधिक समय में एक बार भी ऐसा मौका नहीं आया जब किसानों को उनकी जरूरत पर खाद व बीज मिला हो। यदि डीएपी की जरूरत होती है तो उसकी कमी हो जाती है, यूरिया की जरूरत होती है तो उसकी कमी और यदि पानी की जरूरत होती है तो उसकी कमी हो जाती है। बरसात से हुए जलभराव का पानी अभी तक नहीं निकल पाया है और सरकार ने दावा किया था कि ये पानी जल्द निकलवाकर प्रभावित किसानों को दीवाली से पहले मुआवजा मिल जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।



दलबीर किरमारा।

---

# साइबर सुरक्षित परिवार डिजिटल दुनिया की ज़रूरत : डॉ. मलिक



हिसार। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते उप प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सेवदा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के पुरातन छात्र संघ और प्लेसमेंट इकाई के संयुक्त तत्वाधान में साइबर सुरक्षित परिवारः डिजिटल दुनिया में सुरक्षा के उपाय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सेवदा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं मुख्य वक्ता डॉ. विकास मलिक ने कहा कि साइबर सुरक्षित परिवार डिजिटल दुनिया की जरूरत है। उन्होंने अपने अनुभव के माध्यम से साइबर सुरक्षा की सावधानियों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। उप प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. सतीश वर्मा, डॉ. राजकुमार, सुरेंद्र बाजिया, डॉ. ज्योति, डॉ. राजीव वर्मा, डॉ. राजपाल, डॉ. प्रवीन बिश्नोई, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. सोनू, डॉ. सरिता, डॉ. सविता रानी, डॉ. मीना, डॉ. वीनू मलिक, डॉ. सुशीला सांगवान, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. भावना, डॉ. सूरज कला, सुरेश कुमार सहित कई प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

# श्री काली देवी विद्या मंदिर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

- सनराइज हाई स्कूल में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सनराइज हाई स्कूल ढाणी पीरवाली में बुधवार को दो दिवसीय हांसी ब्लाक प्रथम की अन्डर-11 ब्लाक स्तरीय गेम का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में विधायक विनोद भयाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जबकि पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव व विष्णु शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में 70 स्कूलों के 1105 बच्चों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, रस्सा-कस्सी व एथलेटिक्स गेम हुए। निगरानी कमेटी में स्कूल चेयरमैन संदीप सांपला व प्रदीप पुनिया, ईश्वर मलिक, दर्शना बामल और कर्मवीर दुहन रहे। नोडल अधिकारी अंजुला दहिया प्रधानाचार्य राजकीय माध्यमिक विद्यालय ढाणा खुर्द तथा प्राचार्या नरेश सैनी राजकीय कन्या विद्यालय गढ़ी रहे।



हांसी। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक विनोद भयाना व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल संघ के जिला प्रधान प्रदीप पुनिया, जिला उप-प्रधान दिनेश कौशिक, सुरजीत गुर्जर, ए.बी.आर.सी. सुनीता बिसला, संरक्षक तेलू राम रामायण वाले, सुभाष भानखड़, प्रवीण व महेश सहित विभिन्न स्कूलों के संचालक व प्राचार्य उपस्थित थे।

---

# पुलिस ने ग्राम स्तर पर शुरू की जनजागरण की मुहिम



हांसी। सरपंचों के साथ आयोजित विशेष जागरूकता बैठक को संबोधित करते बास थाना प्रभारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

उप पुलिस अधीक्षक नारनौंद देवेंद्र नैन एवं थाना बास प्रभारी सब-इंस्पेक्टर बलवान द्वारा थाना बास क्षेत्र के सभी सरपंचों के साथ एक विशेष जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर पुलिस और समाज के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना और आमजन को सामाजिक व कानूनी विषयों पर शिक्षित करना रहा। बैठक में सरपंचों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर गंभीर चर्चा की गई।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा से जुड़े आवश्यक नियमों की जानकारी दी गई। बैठक में साइबर सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

---

**बिल्डिंग का निर्माण नहीं, दो कमरों में पढ़ रहे हैं 114 बच्चे**

# अढ़ाई साल से दो कमरों में चल रहा है राजकीय प्राथमिक स्कूल

**स्कूल की इमारत 12 सितंबर 2022 को ढह गई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

मोची मोहल्ला स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल अढ़ाई साल से उधार की बिल्डिंग में मात्र दो कमरों में चल रहा है। सरकारी लचर कार्य प्रणाली के चलते बीते ढाई साल में स्कूल की नई इमारत का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्कूल की इमारत 12 सितंबर 2022 को ढह गई थी। अढ़ाई साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसका पुनर्निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। 114 बच्चे एक निजी संस्था के एक स्कूल के सिर्फ दो कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इन बच्चों को पास की निजी संस्था द्वारा संचालित स्कूल में स्थानांतरित किया गया था।



हांसी। उधार की बिल्डिंग में मिले एक कमरे में पढ़ते दो कक्षाओं के बच्चे।

### बच्चों ने किया था प्रदर्शन

*प्राइमरी स्कूल इंचार्ज शकुंतला ने बताया कि वे इस संदर्भ में कई बार उच्च अधिकारियों और विधायक विनोद भयाना को अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब 1 अप्रैल 2025 को निजी संस्था ने बच्चों को स्कूल की बिल्डिंग से बाहर निकाल दिया था। जिसके बाद बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ा था। लेकिन प्रशासन और शिक्षा विभाग के हस्तक्षेप के बाद ही उन्हें दोबारा वहीं पढ़ाई की अनुमति मिली।*

### अस्थायी मंजूरी का समय भी बीता

संस्था द्वारा संचालित स्कूल की प्राचार्या ने बताया कि शिक्षा विभाग ने उन्हें 30 सितंबर 2025 तक की अस्थायी मंजूरी दी थी। यह समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है, लेकिन विभाग ने न तो कोई वैकल्पिक व्यवस्था की है और न ही स्कूल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू करवाया है। विधायक विनोद भयाना ने कुछ समय पहले कहा था कि स्कूल भवन निर्माण के लिए मंजूरी मिल चुकी है।

### बच्चों की परेशानी पर किसी का ध्यान नहीं

आश्चर्य की बात यह है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी हाल ही में जमावड़ी गांव के एक निजी स्कूल पर कार्रवाई करने पहुंचे थे, लेकिन मोची मोहल्ला के इन बच्चों की परेशानी पर किसी का ध्यान नहीं गया। सरकार के "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के दावे यहां आकर पूरी तरह फेल नजर आते हैं, क्योंकि इन 114 बच्चों में अधिकांश छात्राएं हैं, जो तंग कमरों में पढ़ने को मजबूर हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि शिक्षा विभाग और प्रशासन कब जागते हैं।

---



हिसार। रक्तदान से पूर्व हवन करते प्राचार्य व प्राध्यापक।

### दयानंद कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में अंकित करते हुए महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं उत्साही विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से 150 यूनिट रक्त दान कर मानवता की सेवा का संदेश प्रसारित किया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह प्राचार्य ने किया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है, जो सीमाओं को लांघकर प्रेम का पुल बांधता है। योगी सूरी जैसे प्रेरक व्यक्तित्व का जन्मदिवस प्रेरणा दिवस के रूप में मनाना हमें सिखाता है कि जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं का सुख नहीं, अपितु परोपकार है। प्राचार्य ने विशेष रूप से प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की।

**सूचना**

मैं, आदराम पुत्र श्री बनवारी निवासी चौधरीवाली उपतहसील बालसमन्द जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विष्णु व उसकी पत्नी पुनम मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई/जून 2025 में आयोजित एमएससी साइकोलॉजी कोर्स कोड-111 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022, 2023 व 2024, एमएससी केमिस्ट्री कोर्स कोड-051 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022, 2023 व 2024, एमएससी मैथेमेटिक्स द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2023 व 2024, एमएससी मैथेमेटिक्स द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### मोटर चोरी करके ले जा रहे युवकों को पकड़ा

**हिसार।** कैंप चौक के पास स्थित हेतराम कॉलोनी में राहगीरों ने दो युवकों को पानी की बिजली मोटर चोरी करके ले जाते पकड़ लिया। युवकों ने मोटर को एक कपड़े में बांधा हुआ था। बाद में दो युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवकों से पूछताछ की। जानकारी के अनुसार हेतराम पार्क कॉलोनी में बुधवार को मोटर चोरी करके ले जा रहे दो युवकों को लोगों ने शक के आधार पर पकड़कर पूछताछ की तो पता चला कि उन्होंने कॉलोनी के एक घर से मोटर चोरी की है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की अभी पुष्टि नहीं की है।

### अग्रोहा शक्तिपीठ में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**हिसार।** अग्रोहा शक्तिपीठ में श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस का शुभारंभ विधिवत पूजन, कलश यात्रा, दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने महाराजा अग्रसेन के जीवन और उनके सिद्धांतों का अनुसरण करने का आग्रह किया। कथा व्यास आचार्य बालकृष्ण शास्त्री जी महाराज ने भागवत महापुराण के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रंथ मानव जीवन के कल्याण का मार्गदर्शक है। पहले दिन की कथा में उन्होंने भागवत के श्रवण के फल, भक्ति के स्वरूप तथा भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं ने शांत भाव से कथा का श्रवण किया।

## संगीत, नृत्य, थिएटर, लिटरेरी तथा फाइन आर्ट्स की 46 प्रतियोगिताएं होंगी

# गुजवि में तीन दिवसीय युवा महोत्सव 7 से, होगा धमाल

*युवा महोत्सव विश्वविद्यालय का एक अत्यंत गौरवमयी सांस्कृतिक कार्यक्रम : प्रो. बिश्नोई*

- विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव को दिया 'प्रबोधिनी' नाम, वीसी ने जारी की विवरणिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव को 'प्रबोधिनी' नाम दिया गया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने 'प्रबोधिनी' विवरणिका जारी की। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में युवा महोत्सव के संचालन के लिए बनाई गई कमेटियों के संयोजकों की बैठक हुई। बैठक का संचालन डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. एमके शर्मा ने किया।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि युवा महोत्सव विश्वविद्यालय का एक अत्यंत गौरवमयी सांस्कृतिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम को 'प्रबोधिनी' नाम से जाना जाएगा। 'प्रबोधिनी' का अर्थ ज्ञान से प्रकाशित करना होता है। कुलपति ने कमेटियों के संयोजकों से संबंधित कार्यों का फीडबैक लिया तथा आवश्यक सुझाव व निर्देश दिए।

डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. एमके शर्मा ने बताया कि 7 से 9 नवंबर तक को होने वाले इस युवा महोत्सव में संगीत, नृत्य, थिएटर, लिटरेरी तथा फाइन आर्टस की 46 विधाएं होंगी। इन विधाओं में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

इन विधाओं का छह अलग-अलग मंचों पर आयोजन किया जाएगा। मुख्य मंच विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम में बनाया जा रहा है। बैठक में निदेशक कल्चरल अफेयर्स डा. तरूणा तथा कमेटी संयोजकों ने भाग लिया।

**इन विधाओं में विद्यार्थी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा :** संगीत श्रेणी में क्लासिकल वोकल सोलो (हिंदुस्तानी/कर्नाटक), क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (प्रकसन), क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (नॉन-प्रकसन), लाइट इंडियन वोकल सोलो, वैस्ट्रन वोकल सोलो, ग्रुप सॉंग (जनरल-इंडियन), ग्रुप सॉंग (हरियाणवी), ग्रुप सॉंग (वैस्ट्रन), हरियाणवी ओरकैस्ट्रा, इंडियन क्लासिकल ओरकैस्ट्रा, वैस्ट्रन इंस्ट्रूमेंटल सोलो, फॉक इंस्ट्रूमेंटल (हरियाणवी) सोलो, फॉक सॉंग (हरियाणवी) सोलो, फॉक सॉंग (जनरल) सोलो व कव्वाली विधाएं होंगी। नृत्य श्रेणी में क्लासिकल डांस (सोलो), ग्रुप डांस (जनरल), ग्रुप डांस (हरियाणवी), कोरियोग्राफी, सोलो डांस (हरियाणवी)-मेल व सोलो डांस (हरियाणवी)-फीमेल विधाएं होंगी। थिएटर श्रेणी में वन एक्ट प्ले (हिंदी), वन एक्ट प्ले (संस्कृत), स्किट (हिंदी), स्किट (हरियाणवी), माइम, मिमिक्री, स्वांग व रिचुअल विधाएं होंगी। लिटरेरी श्रेणी में डिबेट, इलोक्यूशन, क्विज, पोइट्री रिसाइटेशन (हिंदी), पोइट्री रिसाइटेशन (इंगलिश), पोइट्री रिसाइटेशन (पंजाबी), पोइट्री रिसाइटेशन (हरियाणवी) व पोइट्री रिसाइटेशन (उर्दू) विधाएं होंगी। फाइन आर्ट श्रेणी में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, कोलाज, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली, स्पॉट फोटोग्राफी, इंस्टालेशन व मेहंदी विधाएं होंगी।



**हिसार।** 'प्रबोधिनी' विवरणिका जारी करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### अनिल शर्मा बने युवा जेजेपी हिसार के जिला प्रभारी



अनिल शर्मा

**हिसार।** जेजेपी ने अपने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वार्ड नंबर 14 के जिला पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा को युवा जननायक जनता पार्टी हिसार का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति पर अनिल शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला का आभार जताया। अनिल शर्मा नलवा हलके से लंबे समय से पार्टी के समर्पित, ईमानदार और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर शर्मा ने कहा कि वे पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के आदर्शों पर चलते हुए पार्टी की नीतियों को हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करेंगे।

### दो दिवसीय इक ओंकार सतनाम मेडिटेशन कैंप 1 से

**हिसार।** गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में ओशो ध्यान उपवन में 1 व 2 नवंबर को इक ओंकार सतनाम मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। 1 नवंबर को मेडिटेशन कैंप प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक जारी रहेगा। 2 नवंबर को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर चलेगा। इस मेडिटेशन कैंप का संचालन स्वामी सच्चिदानंद द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। स्वामी संजय ने बताया कि इस दौरान विभिन्न सत्र आयोजित करके इक ओंकार के सही मायने समझाए जाएंगे। ओशो ध्यान उपवन में गुरु नानक जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

### पटेल जयंती पर फ्री मेडिकल कैंप कल

**हिसार।** गुर्जर कल्याण सभा की ओर से 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर बरवाला चुंगी स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल भवन में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। सभा के महासचिव एडवोकेट कृष्ण खटाना ने बताया कि समारोह में मेयर प्रवीण पोपली मुख्यातिथि होंगे तथा समारोह की अध्यक्षता सभा के प्रधान राधा कृष्ण खटाना करेंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप का आयोजन सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल, आई क्यू सुपर स्पेशलिटी आंखों का अस्पताल व अनिल मल्टी स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक व डॉ. सपना खटाणा विकल दीवान डेंटल क्लीनिक की टीम के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप में कैंसर, हड्डी एवं जोड़, सामान्य एवं स्त्री रोग, नेत्र रोग व दंत रोगों की जांच की जाएगी।

### हकृवि में युवा महोत्सव 3 नवंबर से

**हिसार।** युवाओं को अपनी कला और सृजनशीलता प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला युवा महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 3 और 4 नवंबर को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिभागी का हिसार जिले का निवासी होना आवश्यक है या वह हिसार जिले में स्थित किसी भी स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय का नियमित छात्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छुक प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर युवा के रूप में पंजीकरण कर रजिस्ट्रेशन फॉर्म की हार्ड कॉपी अपने नजदीकी राजकीय आईटीआई में जमा करवाएं।

### दिल्ली और तोशाम रोड से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को टीम ने अभियान की शुरुआत लोकल बस स्टैंड, ऋषि नगर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने तोशाम रोड पर खड़ी ईंटों की ट्रॉलियों को हटवाया, क्योंकि वे सफाई व्यवस्था और यातायात दोनों में बाधा उत्पन्न कर रही थीं। साथ ही, मिली शिकायतों के आधार पर बक्शी नगर की गलियों और बडवाली ढाणी क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। टीम ने कैम्प चौक से लेकर सब्जी मंडी पुल तक सड़क पर दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे को भी साफ कराया।

### प्रचारिणी सभा के चुनाव को मतदाता सूची चस्पाई

**हिसार।** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा, मोहल्ला रामपुरा के 23 नवम्बर को होने वाले चुनाव के लिए आज गीता भवन मंदिर, मौहल्ला रामपुरा में प्रारंभिक मतदाता सूची चस्पा दी गई है। चुनाव के लिए नियुक्त प्रशासक डॉ. राजबीर सिंह व चुनाव अधिकारी नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सभा की गवर्निंग बॉडी के लिये प्रधान, उपप्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष पदों के लिए सभा के 15 सदस्यों की सूची मंदिर प्रांगण में चस्पा दी है। कोई भी सदस्य चुनाव अधिकारी से मिलकर सूची की प्रति प्राप्त कर सकता है। दोनों अधिकारियों के अनुसार 30 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक जिला रजिस्ट्रार कार्यालय लघु सचिवालय, चौथी मंजिल पर आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। निदान 14 नवम्बर को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 नवम्बर को किया जाएगा।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर 5 के काटे चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम टीम ने बुधवार निरीक्षण के दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट ने 3 दुकानदारों के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने पर, एक दुकानदार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर चालान किए गए। इसके साथ ही एक व्यक्ति के द्वारा खुले में कचरा जलाने पर चालान किया गया। ये सभी 5 चालान 5800 रूपये के किए गए। इसके साथ ही टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### बागडियान मंदिर से 31 को निकलेगी श्याम बाबा की भव्य रथयात्रा

**हिसार।** मंदिर बागडियान ट्रस्ट एवं श्रीश्याम स्नेही संकीर्तन मंडल द्वारा श्याम बाबा का 73वां जन्मोत्सव बागडियान मंदिर, पड़ाव बाजार में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर प्रवक्ता ने बताया कि 31 अक्तूबर को शाम 5 बजे भव्य निशान एवं रथ यात्रा निकाली जाएगी जो बागडिय़ान मंदिर से शुरु होकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए वापिस मंदिर पहुंचेगी। श्याम बाबा का नवनिर्मित विशाल रथ पूरे रास्ते भक्तों द्वारा हाथों से खींचा जाएगा। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल मुख्यातिथि होंगी। अध्यक्षता पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मेयर प्रवीण पोपली, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद सरोज जैन, समाजसेवी कृष्ण ऐरन व पूर्व पार्षद कविता केडिया होंगी।

# पोषण व जीवन का आधार होते हैं खेजड़ी और मोरिंगा : प्रो. काम्बोज

*हकृवि के वानिकी विभाग द्वारा सतत पोषण व रिसर्च के लिए विभिन्न प्रजातियां लगाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वानिकी विभाग द्वारा 'मिट्टी से थाली तक'-खेजड़ी एवं सहजन (मोरिंगा) का पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वानिकी विभाग द्वारा सतत पोषण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने खेजड़ी और मोरिंगा की विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जो रिसर्च व प्रसारण के लिए प्रयोग किए जाएंगे।


प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण प्रदूषण का मानव के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है, इसलिए शरीर को अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है। खेजड़ी शुष्क क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण वृक्ष है। इसका सम्पूर्ण भाग मनुष्य और पशुओं के लिए लाभदायक है। कुलपति ने बताया कि थार शोभा खेजड़ी से प्राप्त सांगरी आय का एक मुख्य स्त्रोत है। कच्ची फलियां, ताजी व सुखी हुई दोनों अवस्थाओं में उपयोग में ली जाती हैं। सांगरी से आचार भी बनता है जो लम्बे समय तक उपयोग में लिया जा सकता है। इसकी पकी हुई सुखी फली का पाउडर बनाया जा सकता है, जिससे बिस्कुट जैसे बेकरी आइटम तैयार की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मोरिंगा का प्रत्येक भाग पोषण के लिए उपयोगी है। इसकी पत्तियां खनिज तत्वों, विटामिनों और अन्य आवश्यक फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होती हैं। औषधीय दृष्टि से मोरिंगा अनेक गुणों से युक्त है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट, कैंसररोधी, मधुमेहरोधी और रोगाणुरोधी एजेंट के रूप में कार्य करता है।



**हिसार।** पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### खेजड़ी बढ़ाती है फसल की उत्पादकता

वानिकी विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप आर्य ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि वानिकी विभाग ने विभिन्न कृषि वानिकी मॉडलों पर परीक्षण किए हैं, जिसमें पाया गया कि खेजड़ी के साथ जो फसल बोई जाती है उस फसल की उत्पादकता सामान्य से अधिक होती है। यह मिट्टी की उर्वरता क्षमता को बढाता है। इस वृक्ष की फलियां स्थानीय रूप से सांगरी के रूप में जानी जाती हैं, जिसमें पोषक तत्व भरपूर मात्रा मे होते हैं। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष सहित शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने भी पौधरोपण किया।



**बरवाला।** कार्यक्रम के विजेता छात्र-छात्राएं अपनी प्रस्तुति दिखाते हुए।

# वीरगाथा कार्यक्रम के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

*राजकीय विद्यालय धिकताना में कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय माध्यमिक विद्यालय धिकताना के प्रांगण में वीरगाथा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण कुमार व कृष्ण कुमार विद्यालय इंचार्ज ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम उषा रानी, कृष्ण कुमार व चन्द्रभान की देखरेख में आयोजित करवाया गया। वीर गाथा एक राष्ट्रीय योजना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों को पुरस्कार विजेताओं की कहानियों से प्रेरित करना है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला इंचार्ज कृष्ण कुमार ने कहा कि यह राष्ट्रीय परियोजना रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से संचालित की गई है। कार्यक्रम में बच्चो ने कविता, ड्राइंग, निबन्ध, कविता व गायन आदि गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत के वीर सपूतों की गाथा का वर्णन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रवीण कुमार, विद्यालय प्रभारी कृष्ण कुमार, चंद्रभान, मधु, मुकेश कुमारी, उषा रानी, सत्यावरण, रामानंद व रोहतास आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

# दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय में संस्कृत भारती के दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय में संस्कृत भारती की ओर से आयोजित दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यकाम आर्य पहुंचे जबकि मुख्य वक्ता दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजबान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोद योगार्थी ने की।

इस शिविर का संचालन संस्कृत भारती के जिला विस्तारक दीपक सरकार ने किया। शिविर में विद्यार्थियों को संस्कृत संभाषण कला में निपुण किया गया। संस्कृत भारती के विभाग संयोजक डॉ. शैलेन्द्र ने बताया कि शिविर के दौरान संपूर्ण गतिविधियां संस्कृत माध्यम से हुई। जिला मंत्री राजकुमार शास्त्री ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्कृत भारती हरियाणा के प्रांत कोष प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सत्यपाल शर्मा, विभाग संयोजक डॉ. शैलेन्द्र, सुशील शास्त्री सह विभाग संयोजक, जिला मंत्री राजकुमार, सोमा, जयभारत आर्य, संतलाल, मदन उपस्थित रहे।



**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

# कर्नल ने एसएसबी के बारे में दी विस्तार से जानकारी

*एनसीसी प्रशिक्षण कैम्प का आठवें दिन में प्रवेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा चौधरीवास स्थित हिन्दू पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिवस का शुभारंभ प्रातः योगाभ्यास से हुआ। प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक संतुलन रखने की कला सीखी।

योग सत्र के उपरांत कैम्प कमांडेंट कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने सभी कैडेट्स का ड्रिल स्क्वायर टेस्ट लिया। कैडेट्स ने अद्भुत अनुशासन, तालमेल एवं सटीकता का प्रदर्शन कर अपनी निपुणता का परिचय दिया। इसके उपरांत कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने एसएसबी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कैडेट्स को बताया कि वे किस प्रकार लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के माध्यम से सेना में चयन प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में मेजर आकांक्षा पांडे, कैप्टन स्नेह लता, कैप्टन रजनी रानी, लेफ्टिनेंट गुंजन शर्मा, थर्ड ऑफिसर लवलीन कौर, सीनियर जीसीआई निशा, सीनियर जीसीआई संगीता, जीसीए सोनिका, सूबेदार मेजर सीता राम, सूबेदार निरपाल, सूबेदार टेक सिंह, क्लर्क रोहित शर्मा, अमित नेहरा, लखवीर सिंह एवं विकास कुमार आदि सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।



**हिसार।** कैडेट्स का ड्रिल स्क्वायर टेस्ट लेते कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय व अन्य।

**भक्ति** | मां संतोषी आश्रम की श्रीमद् देवी भागवत कथा में महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने बताई महिमा

# क्रोध व लोभ से बड़ा कोई शत्रु नहीं, संतोष जैसा बंधु नहीं : संतोषी माता

- श्रीमद् देवी भागवत कथा में मां भगवती की महिमा सुनकर झूमने व नाचने लगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अध्यात्म के प्रति समर्पित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम के रजत जयंती समारोह में चल रही 108 श्रीमद् देवी भागवत कथा में अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने मां भगवती की महिमा से साक्षात्कार करवाया। मां भगवती की महिमा सुनकर पंडाल में बैठे श्रद्धालु झूमने व नाचने लगे। देवी भागवत कथा के द्वितीय दिवस स्वामी संतोषी माता ने कहा कि मां भगवती की कथा मनुष्य की व्यथा को दूर करके परम सुख प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इस संसार में अधिकतर लोग व्यथित और अशांत होकर भटक रहे हैं, उन्हें कहीं सुख की प्राप्ति नहीं होती। ऐसे भटके, अशांत व व्यथित लोगों को श्रीमद् देवी भागवत कथा परम शांति व परम सुख प्रदान करती है। दरअसल यह कथा पापहारिणी और मंगलकारिणी है। मां संतोषी माता ने प्रवचन में कहा कि क्रोध व लोभ से बड़ा कोई शत्रु नहीं है और संतोष जैसा कोई बंधु नहीं है।

द्वितीय दिवस श्रीमद् देवी भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संरक्षक सतीश कुमार अग्रवाल, समाजसेवी मुकेश गर्ग, ईश्वर अग्रवाल, अशोक कत्याल, पूजा डालमिया व शीला कुंडू ने व्यास पीठ पर विराजमान होने पर महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता को माला अर्पण करके अभिवादन किया। इस अवसर पर राजमल काजल, डी. एन. गुप्ता, कमल गोयल, गौरव सिंगल, गौरव बंसल, अशोक बंसल, सुशील बुड़ाकिया, लोकनाथ सिंगल, सुभाष बंसल, मदनलाल गोयल व दिनेश शर्मा सहित काफी गणमान्य उपस्थित रहे।




**हिसार।** मां संतोषी आश्रम में श्रीमद् देवी भागवत कथा के दौरान आरती करते श्रद्धालु।

### भजनों पर झूमे भक्त

महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने प्रवचनों के दौरान कहा कि असली कथा तो मां भगवती की होती है। उन्होंने मां भगवती के शक्ति स्वरूप को समझाते हुए कहा कि शक्ति का कोई रूप, आकार, रंग व भेद नहीं है। शक्ति तो सर्वरूपा व सर्वदेवमयी है। उन्होंने कहा कि जिस इंसान की भक्ति से मां भगवती जगत जननी प्रसन्न हो जाएं तो फिर असंभव को संभव कर सकती हैं। श्रीमद् देवी भागवत कथा के दौरान भजन मंडली ने सुन ले मैया अर्जी हमारी, तारो न तारो ये है मर्जी तुम्हारी व क्या पाया है दर तेरे आकर तूं जाने या मैं जानूं एवं मां की प्यारी सूरत भोली-भाली सहित कई भजन सुनाकर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। इन भजनों को सुनकर भक्तगण ताली बजाते हुए झमूने लगे। रजत जयंती समारोह 5 नवंबर तक जारी रहेगा।